902

# 802

## 2019

## प्रारम्भिक हिन्दी

( केवल नियमानुसार अनिवार्य हिन्दी से छूट पाये परीक्षार्थियों के लिए )

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) 'शुक्ल-युग' के **दो** प्रमुख नाटककारों के नाम लिखिए । 1 + 1 = 2

   ख) 'शुक्लोत्तर युग' के किसी एक प्रमुख कहानीकार का नाम लिखिए और उनके **दो** प्रमुख कहानी संग्रह का नामोल्लेख कीजिए । 1 + 2 = 3



https://www.upboardonline.com



2. क) 'आधुनिक काल' के **दो** प्रमुख 'छायावादी' कवियों के नाम लिखिए । 1 + 1 = 2

   ख) निम्नलिखित रचनाओं में से किन्हीं **तीन** कृतियों के रचनाकारों के नाम लिखिए : 1 + 1 + 1 = 3

   i) लोकायतन

   ii) प्रिय-प्रवास

   iii) आँसू

   iv) कुरुक्षेत्र ।

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 4 + 2 = 8

यह एक नैतिक और आध्यात्मिक स्रोत है जो अनन्त काल से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संपूर्ण देश में बहता रहा है और कभी-कभी मूर्त रूप होकर, हमारे सामने आता रहा है । यह हमारा सौभाग्य रहा है कि हमने ऐसे ही एक मूर्त रूप को अपने बीच चलते-फिरते, हँसते-रोते भी देखा है और जिसने अमरत्व की याद दिलाकर हमारी सूखी हड्डियों में नई मज्जा डाल हमारे मृतप्राय शरीर में प्राण फूके और मुरझाये हुए दिलों को फिर खिला दिया । यह अमरत्व सत्य और अहिंसा का है जो

https://www.upboardonline.com

केवल इसी देश के लिए नहीं, आज मानवमात्र के जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) लेखक ने गद्यांश में क्या संदेश देना चाहा है ?

**अथवा**

बहुत से लोग ऐसे होते हैं जिनके घड़ी भर के साथ से बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है, क्योंकि उतने ही बीच में ऐसी-ऐसी बातें कही जाती हैं जो कानों में न पड़नी चाहिए, चित्त पर ऐसे प्रभाव पड़ते हैं, जिससे उसकी पवित्रता का नाश होता है । बुराई अटल भाव धारण करके बैठती है । बुरी बातें हमारी धारणा में बहुत दिनों तक टिकती हैं ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) बुराई की प्रकृति कैसी होती है ?



https://www.upboardonline.com



4. निम्नलिखित पद्यांश का सन्दर्भ-सहित अर्थ लिखिए : 2 + 6 = 8

रानी मैं जानी अजानी महा, पबि पाहन हूँ ते कठोर हियो है ।
राजहूँ काज अकाज न जान्यो, कह्यो तिय को जिन कान कियो है।
ऐसी मनोहर मूरति ये, बिछुरे कैसे प्रीतम लोग जियो है ।
आँखिन में सखि, राखिबे जोग, इन्हें किमि कै वनवास दियो है।।

**अथवा**

सच्चा प्रेम वही है जिसकी,
तृप्ति आत्म-बलि पर हो निर्भर ।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है,
करो प्रेम पर प्राण निछावर ।।
देश-प्रेम वह पुण्य क्षेत्र है,
अमल असीम त्याग से विलसित ।
आत्मा के विकास से जिसमें,
मनुष्यता होती है विकसित ।।

https://www.upboardonline.com

5. क) निम्नलिखित अवतरण का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 6

भारतीया संस्कृतिः तु सर्वेषाम् मतावलम्बिनाम् संगमस्थली । काले-काले विविधाः विचाराः भारतीयसंस्कृतौ समाहिताः । एषा संस्कृतिः सामासिकी संस्कृतिः यस्याः विकासे विविधानाम् जातीनाम्, संप्रदायानाम् विश्वासानाञ्च योगदानम् दृश्यते । अतएव अस्माकम् भारतीयानाम् एका संस्कृतिः एका च राष्ट्रीयता । सर्वेऽपि वयम् एकस्याः संस्कृतेः समुपासकाः, एकस्य राष्ट्रस्य च राष्ट्रियाः । यथा भ्रातरः परस्परम् मिलित्वा सहयोगेन, सौहार्देन च परिवारस्य उन्नतिम् कुर्बन्ति, तथैव अस्माभिः अपि सहयोगेन, सौहार्देन च राष्ट्रस्य उन्नतिः कर्त्तव्याः ।

**अथवा**

नीर-क्षीर-विवेके हंसालस्यम् त्वमेव तनुषे चेत् ।
विश्वस्मिन्नधुनान्यः कुलव्रतम् पालयिष्यति कः ।।
कोकिल ! यापय दिवसान् तावद् विरसान्
करीलविटपेषु ।
यावन्मिलदलिमालः कोऽपि रसालः समुल्लसति ।।


https://www.upboardonline.com



ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए : 1 + 1 = 2

i) वाराणसी नगरी कस्य कूले स्थिता ?

ii) अमुखोऽपि कः स्फुटवक्ता भवति ?

iii) भारतीय संस्कृतेः मूलम् किम् अस्ति ?

iv) सुवर्णस्य किम् मुख्यदुःखम् अस्ति ?

6. क) निम्नलिखित में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी **दो** प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए : 2 + 1 = 3

i) डॉ० भगवत शरण उपाध्याय

ii) जयशंकर प्रसाद

iii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ।


https://www.upboardonline.com

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** का जीवन-परिचय लिखिए तथा उनकी **दो** प्रमुख रचनाओं के नाम भी लिखिए : 2 + 1 = 3

i) सूरदास

ii) सुमित्रा नन्दन पंत

iii) सुभद्रा कुमारी चौहान ।

7. क) हास्य रस की परिभाषा लिखकर उसका एक उदाहरण दीजिए । 2

ख) उत्प्रेक्षा **अथवा** रूपक अलंकार की सोदाहरण परिभाषा लिखिए । 2

ग) दोहा छन्द के लक्षण को लिखकर उसका **एक** उदाहरण भी प्रस्तुत कीजिए । 2



https://www.upboardonline.com



8. क) निम्नलिखित में से किसी **एक** पद का समास-विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी बताइए : 2

i) श्वेतकमल

ii) गजानन

iii) कुसुमायुध ।

ख) निम्नलिखित मुहावरों तथा लोकोक्तियों में से किन्हीं **दो** का अर्थ स्पष्ट करते हुए, अपने वाक्य में उनका प्रयोग कीजिए : 2

i) आग बबूला होना ।

ii) गरीबी में आटा गीला ।

iii) नाच न आवै आँगन टेढ़ा ।

iv) जाके पैर न फटी बेवाई सो का जानै पीर पराई ।



https://www.upboardonline.com

ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** को पहचानकर लिखिए कि वे किस प्रकार के शब्द हैं — तत्सम या तद्भव : 2

i) आधा

ii) ओष्ठ

iii) नंगा

iv) श्रावण ।

घ) निम्नलिखित में से किसी **एक** के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

i) कृष्ण

ii) धनुष

iii) पवन

iv) हाथी ।

ङ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** के विपरीतार्थक शब्द लिखिए : 2

i) निन्दा

ii) अस्त

iii) कृतघ्न

iv) नास्तिक ।



https://www.upboardonline.com



च) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं **दो** के लि एक-एक शब्द लिखिए :

i) बहुत अधिक बोलने वाला

ii) दूसरों को कष्ट देने वाला ।

iii) बहुत कम खर्च ( व्यय ) करने वाला

iv) निन्दा करने वाला ।

9. क) निम्नलिखित में से किसी **एक** शब्द में सन्धि-विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम भी लिखिए : 1

i) इत्याह

ii) तथैव

iii) मन्वन्तरः ।

ख) 'फल' **अथवा** 'पयस्' शब्द के सप्तमी विभक्ति के एकवचन का रूप लिखिए । 1

ग) 'तत्' **अथवा** 'युष्मद्' शब्द की सप्तमी विभक्ति के एकवचन का रूप लिखिए । 1

घ) 'हस्' **अथवा** 'पच्' धातु के लङ् लकार के मध्यम पुरुष के एकवचन का रूप लिखिए । 1



https://www.upboardonline.com

10. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** शीर्षक पर निबंध लिखिए : 8

i) अनुशासन का महत्त्व

ii) देशप्रेम

iii) बेरोजगारी की समस्या

iv) विद्यार्थी जीवन

v) विनाशकारी बाढ़ का दृश्य ।

**802 - 8,000**

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.upboardonline.com